BSES

बिजली चोरी के खिलाफ बीएसईएस का अभियान तेज

- गेस्ट हाउस, गुरूकुल, प्ले स्कूल, और पीवीसी फैक्ट्री भी पकड़ में

नई दिल्लीः 15 फरवरी, 2011। अब तक यही माना जाता रहा है कि अपेक्षाकृत कम आय वर्ग वाले और अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोग ही बिजली चोरी करते हैं। लेकिन इन दिनों चल रहे बीएसईएस के स्पेषल छापेमारी अभियान ने यह साबित कर दिया है कि पॉश कॉलोनियों में रहने वाले हाई प्रोफाइल लोग भी बिजली चोरी में पीछे नहीं हैं। छापेमारी में एक ओर एक गेस्ट हाउस पकड़ा गया है, तो दूसरी ओर एक प्ले स्कूल, एक सैलून, व पीवीसी मॉल्डिंग फैक्ट्री भी पकड़ में आए हैं।

साउथ एक्स के पास 119, गौतम नगर में चल रहे *श्रीमद वेद विद्यालय* को 36 किलोवॉट की बिजली चोरी करते पकड़ा गया। गुरूकुल की तरह चलाए जा रहे इस बोर्डिंग स्कूल पर 8 लाख रूपये का जुर्माना किया गया है। यहां चेंज ओवर स्विच का उपयोग कर बिजली की चोरी की जा रही थी। के–556, बस्ती निजामुद्दीन में चल रहे इस गेस्ट हाउस में 19 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ी गई। दिल्ली पुलिस की मदद से यहां छापा मारा गया। गेस्ट हाउस के मालिकों पर 2. 81 लाख रूपये का जुर्माना किया गया।

उत्तम नगर में एक *शॉपिंग कॉम्प्लेक्स* पर छापा मारा गया, जहां एक हेयर सैलून और वेल्डिंग की दुकान को 22 किलोवॉट बिजली की चोरी करते पकड़ा गया। यहां बिजली की सीधी चोरी हो रही थी। मालिकों पर 3.93 लाख रूपये का जुर्माना किया गया है। उधर, शिवाजी एन्कलेव में विशाल सिनेमा के पास चल रहे एक कॉल सेंटर और एक प्ले स्कूल भी बिजली चोरी करते पकड़े गए। वे 36 किलोवॉट बिजली की चोरी कर रहे थे। उनके मालिकों पर 8.20 लाख रूपये का जुर्माना किया गया है।

इधर, पूर्वी दिल्ली के पंचशील गार्डन, नवीन शाहदरा में बीवाईपीएल एन्फोर्समेंट टीम ने *इंजेक्शन मॉल्डिंग फैक्टरी* को 50 किलोवॉट बिजली की चोरी करते पकड़ा है। हाउस नंबर 1/11701 ए में चल रही एक फैक्टरी पर इंडियन इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के हिसाब से 16.5 लाख रूपये का जुर्माना किया है।

बीएसईएस अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोपियों को नोटिस भेजा गया है और जुर्माने का भुगतान करने से पहले उन्हें अपना जवाब देने के लिए पर्याप्त समय भी दिया गया है। ऐसा न करने पर बीएसईएस इन मामलों को बिजली की स्पेषल कोर्ट्स में ले जाएगी।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, कंपनी ने बिजली चोरी के खिलाफ व्यापक पैमाने पर अभियान शुरू किया है, जिसके तहत जनवरी, 2011 से मार्च, 2011 के बीच 300 से अधिक छापेमारी करने का निर्णय लिया गया था। इस अभियान के दौरान, 45 दिनों के भीतर ही सिर्फ दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में बिजली चोरी के 1500 से अधिक मामले पकड़े जा चुके हैं।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: प्रशान्त दुआ
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999870/ 9312007822

चंद्र पी कामत
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 3999415/ 9350130304